# THE GLOBAL TIMES

Vol 16, Issue 24 | Language: English | New Delhi | Monday, September 9, 2024 | Weekly | DELENG /2009/30258 | Price: Annual Subscription ₹1000 | www.theglobaltimes.in






Imaging: Pankaj Mallik
GT Network

# The cosmic connection

## A Dive Into The Dynamic Legacy Of Space Exploration

**Koyal Das**, AIS Gur 43, Alumna

More than six decades have passed since the historic space race between the USA and the Soviet Union captivated the world's imagination. What began with President Kennedy's inspiring speech in 1962, culminated with man landing on the Moon less than seven years later. Today, space exploration has reached unprecedented heights, with new contenders determined to unravel the mysteries of the cosmos.

### The Elite Space Club


In 2014, a cartoon in the New York Times depicted a farmer and his cow knocking at the door of an 'Elite Space Club'. Two years later, when India launched 104 satellites in one go, The Times of India published a reinvented version of the same cartoon - an Indian man and his cow were inside the room, while those from other nations knocked at the door to get in. Not just India, countries like Japan, China, and South Korea have officially entered the Elite Space Club, earning recognition and admiration from Western countries.

### The celestial conquest

In the last few decades, India's space programme has made remarkable strides. In 2013, India successfully launched the Mars Orbiter Mission, also known as 'Mangalyaan', which earned India the distinction of being the first Asian country to reach Mars, that too in its maiden attempt. 'Chandrayaan-1' (2008), India's first lunar mission, discovered water molecules on the Moon, while 'Chandrayaan-2' (2019) continues to collect valuable data from its orbiter. The most recent success is that of 'Chandrayaan-3' that successfully made a soft-landing on the Moon's South Pole on August 23, 2023, making India the first country to achieve this milestone. ISRO is now working on launching crew missions into space with its 'Gaganyaan' project. In a move to demonstrate India's human spaceflight capability, tests are being conducted, starting with the success of Crew Escape System of the first development flight Test Vehicle (TV-D1). India has focused on cost-effectiveness, self-reliance, and the use of space technology for societal benefits.

### The eastern rising stars

Besides India, other Asian countries have also made vast progress. China's Shenzhou-16 returned safely to Earth with three astronauts on board after their five-month-long mission aboard the Tiangong space station. Japan, on the other hand, has been a pivotal partner in the International Space Station (ISS) programme, contributing to the Kibo laboratory module. Furthermore, the successful launch of South Korea's homegrown space rocket Nuri, officially the Korea Space Launch Vehicle-II, on May 25, 2023, made the country the seventh nation in the world to have developed a space launch vehicle that can carry a satellite that weighs more than a tonne.



### The billionaire space race

The interstellar enigma is tempting and if you have stacks of cash, why not spend it on doing the inconceivable? In 2021, several business moguls picked blasting into space as their new hobby, with their main agenda being space tourism. SpaceX has their 'Ridesharing Tab', Blue Origin allows you to 'Reserve A Seat', and Virgin Galactic has a programme where you can 'Become an Astronaut'. Elon Musk, Jeff Bezos, and Richard Branson have invested significant assets to pursue their aspirations of space flight, sparking a contemporary space race in which ultra-rich men reach for the stars. Privatisation of space travel has led to the discovery of new technology – SpaceX's Falcon 9, the first orbital-class reusable rocket that has made 267 successful flights and 225 landings so far. Many other start-ups have also contributed to these missions. The scope for exploration has increased, and the age-old question of 'Are we alone?' is close to being solved.

### The colonisation of cosmos

With space tourism becoming a reality, the discussion about space colonisation has also gained attention in human discourse. Simply put, space colonisation means finding a long-term extra-terrestrial habitat. Some of these plans involve colonising the Moon and our neighbouring planet, Mars. As technological advancements continue to expand, the ambition of establishing self-sustaining colonies that exist beyond Earth is no longer untenable.

While many mysteries of the universe remain unsolved, each new space mission reaffirms that the human species has limitless potential to uncover the secrets of the universe.

*(Koyal is currently pursuing MBBS from Symbiosis Medical College for Women, Pune.)*

## THE GT POLL

**Brazil's Supreme Court banned X over censorship row, should other countries follow suit?**

a) Yes
b) No
c) Can't say

*To vote, checkout our Instagram page @the_global_times*

## Hindi Diwas Special



द ग्लोबल टाइम्स

धरती का सर्वेक्षण

हिन्दी: शब्दकोश से संयुक्त राष्ट्र तक

घर की खामोशी में छुपा प्यार


सोशल मीडिया और हम

*As September unfolds, it brings with it the celebration of one of our nation's most beloved languages, Hindi. The country comes together to appreciate the linguistic beauty of this Rajbhasha, culminating in the grand observance of Hindi Diwas on September 14. In this spirit, The Global Times presents* ***'Part II' of our two-part Hindi Special Edition****, featuring four pages (pages 5-8) dedicated to Hindi. As you explore these pages, let the essence of Hindi inspire you with its timeless charm and cultural significance.*

## What's inside




Gaming's game changer, P4




Teachers' Day essays, P9-10


## POLL RESULT

for GT Edition September 2, 2024

**Will the restrictions on study permits in Canada leave the Indian students at a risk of deportation?**




Results as on September 7, 2024

**Coming next**

Panel Discussion


Follow us on: @theglobaltimesnewspaper
@the_global_times



Published and Printed by Mr R.R. Aiyar on behalf of Dr (Mrs) Amita Chauhan from E-26, Defence Colony, New Delhi-110024 and printed from HT Media Ltd, No 8, Udyog Vihar, Greater Noida (UP). Editor Ms Vira Sharma. | Published for the period September 9-15, 2024

# AMITY CENTRE FOR EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

A CENTRE DEDICATED TO TEACHERS, STUDENTS & PARENTS

FOR A PROMISING

# CAREER IN TEACHING



APPLY FOR PROGRAMMES IN

## PRE-PRIMARY, PRIMARY AND ELEMENTARY TEACHER EDUCATION

**PROGRAMMES OFFERED**

- **PG Diploma in Early Childhood Care and Education** (0-8 yrs.)
- **PG Diploma in Elementary Teacher Training** (0-14 yrs.)
- **Certificate Course in Teacher Training**
- **Certificate Course in English Language Development**
- **Continuing Professional Development Modules For In-service Teachers**

Visit us

Eligibility: For PG Diploma Progs. is Graduation and for Certificate Progs. is 10+2

REGISTRATION OPEN FOR 2024-25 BATCH

To download Application Form and for more information on programmes & schedules, visit www.amity.edu/acert

ACERT Branches : New Delhi • Gurgaon • Noida I Helpline: 88-266-98199

Email: admissions@acert.amity.edu | www.amity.edu/acert | amityacert

amiown
Amity's Caring Preschool

WE NURTURE HAPPY AND LIFELONG LEARNERS

RANKED #1*
for Innovative Teaching, Leadership Quality, Teacher Welfare and Development, Infrastructure Provision, Value for Money, Safety and Hygiene, Parental Involvement, Competence of Teachers, Curriculum & Pedagogy

ADMISSION OPEN
amitots (14+ months) • Prenursery (2+)
Nursery (3+) • LKG (4+) • UKG (5+) • Daycare
Age as on 31st March, 2025

Apply at www.amiown.com/admissions

Experience the best in preschool education with:
• A play, activity and values based curriculum focused on holistic development • Caring and qualified teachers
• Low child-teacher ratio • Spacious, well-equipped classrooms
• Indoor and outdoor play areas • Nutritious meal plan
• CCTV camera surveillance • AQI monitored and controlled environment • Early Years Intervention • Amiown Kahaani Tree
• Parenting workshops

*Results of the nationwide preschools survey rankings published in Education World (2014-2023)

To apply Scan the QR Code

Noida (Sec.44) 98-187-04663
Vasundhara (Gzb.) 98-187-04663
Pushp Vihar (Delhi) 99-100-36580
Gurgaon (Sec.27 & Sec.46) 99-711-33582

www.amiown.com

# CELEBRATING INCREDIBLE INDIA

## Celebrating Bharat's Rich Culture And Heritage

With an aim to celebrate India's rich culture and heritage, Amiown rang in celebrations on the theme 'Mera Bharat' through the month of August. Several activities were organised, encouraging little ones to explore their own country through curricular activities and festivities, fostering a deeper appreciation for the same. As the country geared up for Independence Day celebrations, little Amies were also in full patriotic fervour. Dressed up as freedom fighters and national leaders, achievers and Olympians during the show and tell activity, saluted the National flag and sang patriotic songs. Augmenting the patriotic spirit, the young ones were apprised on the achievements of Indian sport stars in the ongoing Olympics. Discussions about values of strength, courage, hard work, focus, friendship and determination along with stories related to Incredible India were shared on the occasion. Celebrating India's rich culture and tradition, the school celebrated Raksha Bandhan. Rakhi bazaar, a vibrant and bustling market was organised, where the whole campus wore the festive look. An array of fun filled activities as creating vibrant Rakhis, decorating thalis and puppet shows were organised as part of the festivities. Going with the festive spirit, the school also celebrated Janmashtami and Ganesh Chaturthi. Little ones came dressed in traditional outfits and participated in special assembly, wherein they performed different dance forms. They also prepared yummy sweets and shared the same with each other. These celebrations at Amiown not just instil pride in young Amies for India, but also offer opportunities for exploration and discovery along with sowing the seed of love for their country.



Illustration: LKG Innovators, Amiown Noida
















# Gaming's game changer

From the crack of dawn, technology stirs us with its reliable alarms, and caresses us with the cooling breeze of our ACs as we drift off to sleep, weaving its wonders into our everyday lives. GT pays homage to this silent saviour that simplifies and enhances our existence with a brand new series, unwrapping A to Z of iconic tech pieces, one letter at a time. Here's presenting the X in this series that changed human life as we know and live it.

**The tech:** Xbox

**The inventor:** Kevin Bachus, Seamus Blackley, Ted Hase, and Otto Berkes

### How was it invented?

Microsoft created the Xbox to enter the rapidly growing gaming console market and compete with Sony's dominant PlayStation 2. In the late 1990s, as the PlayStation 2 became a home entertainment hub, offering gaming along with DVD and CD playback, Microsoft saw a need to respond. A team at Microsoft began envisioning a console that could rival Sony's, leveraging their expertise in software and gaming. This led to the creation of the Xbox, named after Microsoft's DirectX graphics API. Built around a powerful Intel Pentium III CPU and an Nvidia GeForce 3-based GPU, the Xbox launched on November 15, 2001, marking Microsoft's first venture into the console market and solidifying its position in the gaming industry.



A to Z — X of tech

### When did we get to know it first?

The world was first introduced to Xbox in November 2001, with the launch of the original Xbox console in the US. The launch was a massive success, selling 1.5 million units in North America by the year's end, driven by the popularity of 'Halo: Combat Evolved', which tremendously sold one million copies by April 2002. Originally focused solely on gaming, Xbox branding evolved over the years, becoming Microsoft's digital media entertainment brand from 2012 to 2015.

### Why do we use it?

Xbox is used for its exceptional gaming and entertainment capabilities. The console offers high-quality graphics and smooth performance, particularly in the latest models like the Xbox Series X, enhancing the overall gaming experience. With an extensive game library, Xbox provides access to a wide range of games at an affordable price. Its robust online platform, Xbox Live, facilitates multiplayer gaming and global connectivity.



**Fun fact:** The complex and innovative technology of the Xbox took only 20 months to launch.

### How has it helped our lives?

The Xbox has significantly improved our lives by offering a comprehensive gaming and entertainment experience that extends beyond traditional gaming. With high-quality graphics and performance, especially in the latest models like the Xbox Series X, the Xbox delivers stunning visuals and smooth gameplay. Its extensive game library, including exclusive titles and the popular Game Pass subscription service, offers endless entertainment options at an affordable monthly fee. Xbox also excels in online multiplayer gaming through Xbox Live, making it easy to connect with players worldwide. Additionally, Xbox consoles serve as versatile entertainment hubs, providing access to streaming services, media apps, and web browsing, making them a central part of our digital lives. GT

# The race to blue

## When Colours Compete, Sky Tells The Tale

Vaishnavi Yadav
AIS VYC Lucknow, X B



SCIENCE BEDTIME STORIES

> **The science of it**
>
> **Raleigh scattering is the cause of the blue sky. The gases and particles in the air cause sunlight to disperse in all directions inside Earth's atmosphere. As a result of its shorter, smaller waves, blue light scatters more than other hues of light. For this reason, the sky is blue.**

"Dad, why is the sky blue and not green, pink, or even purple for that matter?" Ria innocently questioned her father.

"Because Blue earned it," her father lovingly responded, leaving her confused. "Are you interested in hearing the complete tale?" he added looking at her perplexed face.

"Of course, dad," she responded with a grin. And so he began, "A long time ago, as Sky sat gazing upon his neighbouring planet Earth and its vibrant beauty, he could not help but wonder as to why he lacked the same. That's when the Sun intervened and, to answer his query, the Sun said, just add colours to your black-and-white existence. And before you ask, I can help you with that." The notion pleased Sky, for he was well aware of Sun's abilities, but he couldn't yet decide on the particular colour that would suit him best. "Let's call upon the seven daring colours, namely Violet, Indigo, Blue, Green, Yellow, Orange, and Red, my light's made of and let them compete to do the job for you. The colour that reaches the fastest, wins," stated the Sun, resolving his issues yet again. The rules as such were set and everyone was eager to start the race, but was it possible to have one without a little drama? And that's what Red, the fastest and tallest of the group, proffered when he teased Blue for his inability to run owing to his stout stature. "Are you prepared to lose today, Blue?" he said and chuckled, making everyone laugh. With this, the race soon began, and the colours rushed across the sky.

Red was the colour that managed to enter the first milestone, the vacuum, the earliest, and others followed soon. As they proceeded towards earth, their next milestone as they termed it – the atmosphere proved to be quite an obstacle. For to reach Earth from here, all the colours were required to travel through atmospheric particles, particles that were so closely scattered that one could barely move through. Red relatively found it harder to pass through due to his long legs. Blue, on the other hand, squeezed in and scattered effortlessly, emerging victorious in the race, leaving the remaining colours in shock.

As he arrived at the finishing line, the entire sky turned blue to congratulate him. Though Red expressed sadness for his defeat initially, he praised blue for his victory, and offered an apology for being conceited earlier. At this, Blue responded by saying, "Don't worry, friend; I really didn't mind your words, for we are all a valuable part of this universe and can enjoy its treats together."

"So, my wonderful daughter, this is the reason the sky turned blue," said Ria's father, concluding the narrative once and for all.

मायरा शादाब
ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल
वसुंधरा सैक्टर 6, कक्षा 10 ए

# धरती का सर्वेक्षण

## कुदरत का मनुष्य पर बहुत बड़ा कर्ज है



पर्यावरण सदा-सर्वदा मानव जीवन का रक्षक रहा है। अपनी आम ज़िंदगी में इंसान तमाम सुख-सुविधाओं के लिए प्रकृति पर आश्रित रहता है। वास्तव में मनुष्य का अस्तित्व ही पर्यावरण पर निर्भर करता है, साँस लेने के लिए ऑक्सीजन, पीने के लिए पानी या फसल उगाने के लिए ज़मीन। कुदरत का मनुष्य पर बहुत बड़ा कर्ज़ है, जिसे आने वाली पीढ़ी को भी चुकाना पड़ेगा। जब मनुष्य पृथ्वी से इतना कुछ प्राप्त करता है तो उसका भी दायित्व बनता है कि वह उसकी कद्र करना भी सीखे। मानव की सबसे बड़ी भूल है, हर प्राकृतिक संसाधन को अनुदत्त समझना और उसका इस्तेमाल ऐसे करना जैसे वो असीमित हो। अपनी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए मानव किसी भी हद तक जा सकता है। यह बात उचित नहीं है कि अपने भोग-विलास की पूर्णता के लिए हम कुदरत को कष्ट भुगतने दें। मानव जाति से पहले पृथ्वी पर पर्यावरण और पशु-पक्षियों का हक़ है, जिसे हम इंसान छीन नहीं सकते। अतः धरती का सर्वेक्षण हमारी ज़िम्मेदारी ही नहीं, हमारा कर्त्तव्य है। पृथ्वी को बचाने की इस मुहिम में केवल कुछ सौ या हज़ार लोग ही नहीं बल्कि समस्त विश्व का साथ आवश्यक है।

अनेक उद्योगों एवं वाहनों के कारण भारत ही नहीं, परन्तु दुनिया के तमाम शहरों को प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। इसकी वजह है गाड़ियों से निकलने वाली हानिकारक गैस जो वातावरण में घुलकर कई बीमारियों, जैसे- अस्थमा और ब्रोंकाइटिस को जन्म देती है। यह ठीक है कि उद्योगों के विकास को हम रोक तो नहीं सकते परंतु वातावरण की शुद्धि के लिए कुछ कदम तो उठा ही सकते हैं। उदाहरण के लिए, रोड पर गाड़ियों की संख्या को घटाने के लिये कार पूलिंग करना और पेड़-पौधे लगाना जिससे हवा की शुद्धि हो सके। कोरोना काल से जूझते वक्त में रोड पर कम गाड़ियों की वजह से प्रदूषण दिल्ली, मुंबई, कलकत्ता जैसे शहरों में घटा था। इससे सिद्ध होता है कि मानव गतिविधि ही प्रदूषण और वनों की कटाई का भी कारण है।

बदलते वक्त और तकनीकी ज्ञान के साथ, मानव जाति की ज़रूरतों में अत्यन्त बदलाव और वृद्धि भी आईजो किसी न किसी तरीके से पर्यावरण के लिए हानिकारक है। देश की प्रमुख नदियों में से एक- गंगा नदी जिसने करोड़ों भारतवासियों की श्रद्धा को स्वीकारा है, अब स्वच्छ न रही है। कई त्योहारों के नाम पर गंगा नदी में कचरा डाल दिया जाता है जिसकी वजह से गंगा प्रदूषित हो रही है। हम भारतवासियों की श्रद्धा का तब तक कोई मोल नहीं है जब तक हम अपनी संस्कृति को आने वाली पीढ़ी के लिए सुरक्षित न रख सकें। अपने देश के प्रति हर नागरिक का कर्त्तव्य है कि वह अपने देश के प्रति अगर कुछ न कर सके तो कुछ बिगाड़े भी तो नहीं। नदियों की रक्षा करना, उनमें रह रहे जीव-जन्तुओं की भी रक्षा करना। जैसे- गंगा डाल्फिन, जिसे भारत का जलीय जानवर, वर्ष 2008 में घोषित किया गया था। जब बात आती है पशु-पक्षियों की दुर्लभ प्रजातियों को बचाने की तब विश्वभर में कई लोगों ने उचित कदम उठाए हैं। जैसे मेनका गाँधी जो कि एक मंत्री के रूप में भी काफी मुद्दों पर अपनी आवाज़ उठाती रही हैं। गढ़वाल इलाके में वनों की कटाई के खिलाफ मोर्चा निकालने वाले स्वर्गीय सुंदरलाल बहुगुणा जी के चिपको आंदोलन की वजह से उत्तराखंड में कई पेड़ों को काटने से बचाया जा सका है। एक और संरक्षणवादी हैं- मेधा पाटकर जिन्होंने गुजरात में बन रहे सरदार सरोवर बाँध के किनारे बसे गाँव को बचाने के लिए 'नर्मदा बचाओ आंदोलन' किया था। अगर कोशिश की जाए तो कठिन से कठिन बाधा भी अवसर के रूप में बदलाव करने का हमें मौका देती है जो किसी को भी नहीं खोना चाहिए। जी टी

# हिन्दी: शब्दकोश से संयुक्त राष्ट्र तक

कुछ समय पहले समाचार पत्रों में मैंने पढ़ा कि हिन्दी के क़रीब 70 नए शब्द ऑक्सफ़ोर्ड अँग्रेजी शब्दकोश में शामिल किये गए हैं। अँग्रेज़ी में पहले से ही सम्मिलित 900 शब्दों को मिलाकर अब करीब हिन्दी के 1000 शब्द हो गए हैं ऑक्सफ़ोर्ड अँग्रेज़ी शब्दकोश में। 17वीं सदी में बंगला, चौकीदार, जंगल, इत्यादि शब्दों को अँग्रेज़ी शब्दकोश में सम्मिलित करने से शुरू हुई प्रक्रिया, 21वीं सदी में जुगाड़ जैसे शब्द तक निरंतर जारी है। बल्कि 21वीं सदी के वैश्वीकरण ने तो इस प्रक्रिया को और भी तेज़ कर दिया है।




डॉ. (श्रीमती) अमिता चौहान
चेयरपर्सन
ऐमिटी ग्रुप ऑफ स्कूल्स

आज हम इस बाबत चिंतित होते हैं कि हिन्दी का अस्तित्व ख़तरे में है, यह एक कटु सत्य भी है, किन्तु इसका दूसरा पहलू यह भी है कि हिन्दी के 1000 से भी अधिक शब्द आज विश्व स्तर पर बोले, समझे और लिखे जाते हैं। शैम्पू, चाय इत्यादि आम भाषा में बोले जाने वाले हिन्दी के कुछ लोकप्रिय शब्दों के उदाहरण हैं। एक बच्चा जब साग-सब्ज़ी नहीं खाता तो माँ उसे किसी रुचिकर भोजन के रूप में बनाकर खिला देती है। कुछ इसी प्रकार हिन्दी शब्दों का अँग्रेज़ी शब्दकोश में सम्मिलित होना 21 वीं सदी में युवाओं के बीच हिन्दी के प्रति रुचि बढ़ाने का कार्य करता है। विश्व में हिन्दी की लोकप्रियता बढ़ाने हेतु कई स्तरों पर कोशिशें की गई हैं, जैसे संयुक्त राष्ट्र ने हिन्दी में भी अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट्स डालनी शुरू की हैं। इन पर हर वर्ष 1000 पोस्ट्स डाली जातीं हैं और फेसबुक तथा इंस्ट्राग्राम को 44000 लोग फॉलो करते हैं। यूनेस्को ने 2022 में भारत के यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों की सभी वेबसाइटों पर हिन्दी में विवरण लिखने को सहमति दी। गर्व की बात है कि 10, जनवरी 2023 को यूनेस्को सहित विश्व के अनेकों देशों ने विश्व हिन्दी दिवस मनाया। शब्दकोश से लेकर संयुक्त राष्ट्र तक, 21 वीं सदी में हिन्दी शब्दों का प्रचलन निश्चित ही एक आशा की किरण है। भाषाविदों की मानें तो भविष्य में इंग्लिश से भी ज़्यादा हिंग्लिश की लोकप्रियता बढ़ेगी, यानि सम्मिलित रूप में ही सही हिन्दी का अस्तित्व विश्व-पटल पर बना रहेगा। और यही आज के शिक्षकों के लिए स्वर्णिम अवसर है कि वे अपने विद्यार्थियों से हिंग्लिश के बारे में चर्चा करके बच्चों को हिन्दी की आधुनिकता एवं प्रासंगिकता के बारे में बताएँ। जब वे समझेंगे कि अँग्रेज़ी को भी प्रासंगिक रहने के लिए हिन्दी और अन्य भाषाओं का सहारा लेना पड़ता है तो वे हिन्दी से लगाव और अपनापन महसूस करेंगे और स्वयं ही हिन्दी को पढ़ने व समझने जानने की आतुरता दिखाएँगे।

# सोशल मीडिया और हम

## सोशल मीडिया के इस्तेमाल के प्रति लोगों को जगाना होगा

आराधना शुक्ला, ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल
जगदीशपुर, कक्षा 9 बी



सोशल मीडिया एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहाँ लोग फेसबुक, स्नैपचैट के ज़रिए एक-दूसरे से जुड़े रहते है। सोशल मीडिया हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। शायद उतना महत्त्वपूर्ण जितना कि कोई नहीं, कुछ नहीं। या यों कहें कि हम सभी सोशल मीडिया के शिकार बन चुके हैं। सोशल मीडिया के बहुत से फायदे तथा नुकसान भी है। जैसे- बच्चे सबसे ज्यादा फायदा उठाते है अपने प्रश्नों के उत्तर जानने के लिए। इसे हम अपनी सभी समस्याओं का समाधान कुंजी के रूप में अपने साथ पाते हैं। दैनिक जीवन के सभी पहलुओं से लेकर अंतरिक्ष भेदने तक, सागर की अथाह गहराइयों से लेकर पर्वत की चोटियों तक, हर जगह हम इसका सहारा लेते हैं। यात्राओं में गूगल मैप हमारी बहुत मदद करता है, इत्यादि।

लेकिन हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। यह बात सोशल मीडिया पर भी लागू होती है। एक ओर जहाँ इसके कुछ फायदे हैं तो दूसरी ओर इसके नुकसान भी है। उदाहरण के लिए बच्चे अपना उत्तर गूगल से देख तो लेते हैं, पर ऐसा लगातार करने से उनका मानसिक विकास बाधित हो जाता है। यदि हम गूगल मैप की बात करें तो कई बार गूगल मैप हमें गलत जानकारी भी दे देता है। यदि रास्ते में कोई समस्या है या फिर सड़क टूटी हुई हो तो यह जानकारी गूगल हमें नहीं देता है। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग का दुष्प्रभाव हमारी मानसिक और बौद्धिक क्षमता, चिंतन व कल्पना शक्ति पर भी पड़ता है।

हम सभी को सोशल मीडिया की ऐसी लत लगी है कि हमारे दिन की शुरुआत ही सुबह उठते फेसबुक पर स्टोरी डालने या स्टेट्स पर फोटो डालने से होती है। सोशल मीडिया पर लोग अपना अनमोल समय इस कदर बर्बाद कर रहे है कि अपनों को देने के लिए समय नहीं। क्या बच्चे, क्या बूढ़े, मल्टीनेशनल कंपनियों से लेकर रेहड़ी चलाने वालों तक कोई इससे अछूता नहीं। आज-कल तो छोटे-छोटे बच्चे भी सोशल मीडिया से गलत-गलत चीजें सीख रहे हैं। नैतिक मूल्यों का पतन दिन-प्रतिदिन प्रगति पर है। हमें यह गलत होने से पहले ही इसे रोकना होगा अन्यथा ये यूँही गलत मार्ग पर चलते रहेंगे। बच्चों का मन गलत मार्ग पर जल्दी आकर्षित होता है क्योंकि सच्चाई का मार्ग बहुत दुर्लभ होता है। जिस पर सभी नहीं चल पाते है। अतः हमें ही सोशल मीडिया के प्रति लोगों को जागरूक करना पड़ेगा। क्योंकि अब वह सुसमय आ चुका है कि अब हम देश का भविष्य उज्जवल कर सकें। तो उठें, जागें और कहें सोशल मीडिया से जुड़िए पर उसमें खो मत जाइए।

# भयमुक्त मन वसुधैव कुटुम्बकम का पर्याय

## वाद-विवाद

वंशिका शर्मा,ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, साकेत, कक्षा 9 ए

### पक्ष

*अयं निजः परो वेति गणना लघु चेतसाम्*
*उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्*

वसुधैव कुटुम्बकम्- यह सूक्ति हमें सिखाती है कि पूरी पृथ्वी ही परिवार है। यह विचार अभी हाल ही में भारत में सम्पन्न जी-20 का आदर्श वाक्य था। यह विचार पूरे विश्व में शान्ति और सद्भावना का लक्ष्य लेकर एक भयमुक्त वातावरण बनाने के लिए प्ररित करता है। इसका संदेश यही है कि पूरी पृथ्वी एक ऐसे परिवार के सामान है जहाँ हर मन निडर हो, भयमुक्त हो। जहाँ सबको अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए एक भयमुक्त वातावरण में जीने का अवसर मिले। क्या डर के माहौल में शांति स्थापित हो सकती है? किसी को डराकर शांति बनाना उचित है? तलवार की नोंक पर रखकर किसी को शांत वातावरण कैसे दिया जा सकता है? आज दुनिया एक और विश्वयुद्ध की ओर बढ़ रही है और परमाणु युद्ध के डर से रोज़ डर कर जी रही है। आतंकवादियों द्वारा पैदा की गई दहशत के घेरे में रोज़ जीती-मरती है। आज की इस डरी-सहमी मानवता को 'वसुधैव कुटुंबकम्' की अवधारणा ही सही मायनों में एक भयमुक्त वातावरण प्रदान कर सकती है। 'जियो और जीने दो' की नीति ही दुनिया को एक बेहतर भविष्य प्रदान कर सकती है। हमें एक ऐसा विश्व बनाना है जहाँ हर मन शांत हो, निर्भय हो। उससे उलझी हुई दुनिया की आधी समस्याएँ खुद ही सुलझ जाएँगी। हम सब एक दूसरे से जुड़े हुए हैं और एक दूसरे पर निर्भर हैं। अतः फिर भय कैसा ?

एक ही अपनी पृथ्वी प्यारी, एक ही सबका है परिवार
न हो भय किसी को किसी से, बस हो मन में प्यार ही प्यार

### विपक्ष

अविका पांडे, ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, साकेत, कक्षा 9 डी

*विनय न मानत जलधि जड़ गए तीन दिन बीत,*
*बोले राम सकोप तब, भय विन होत न प्रीत।*

अपने विचार के समर्थन हेतु श्री रामचरित मानस के दोहे के साथ अपनी बात रखती हूँ वसुधैव कुटुम्बकम् की स्थिति भयमुक्त होकर संभव ही नहीं है। वसुधैव कुटुम्बकम का मतलब है कि सम्पूर्ण मानव जाति एक ही परिवार की तरह है, जो सहयोग, सामंजस्य और समरसता के पर आधार टिका है। भयमुक्ति केवल व्यक्तिगत स्थिति है, जो व्यक्ति की मानसिक स्थिति को संदर्भित करती है लेकिन यह समाज के बीच एकात्मता के लिए पर्याप्त नहीं है। अतः भयमुक्त मन वसुधैव कुटुम्बकम् का पर्याय हो ही नहीं सकता। भय व्यक्ति के अन्दर उत्पन्न होने वाला एक अनुभव है जो उसे खतरे के सामने सतर्क रहने की प्रेरणा देता है। यह आत्मरक्षा और सुरक्षा की भावना को उत्पन्न करता है और इस स्थिति में वसुधैव कुटम्बकम् की भावना और गहराई से परिलक्षित होती है ।

मैं अपने विपक्षी मित्रों से पूछना चाहती हूँ क्या विश्व स्तर पर सामाजिक समरसता तथा सौहार्द देश-विरोधी शक्तियों में भय स्थापित किए बिना संभव है? क्या एक देश की शस्त्र क्षमता विरोधी देशों में भय उत्पन्न कर उन्हें आक्रमण करने से नहीं रोकती?




इतिहास गवाह है कि प्रसिद्ध वैज्ञानिक होमी भाभा ने भी तत्कालीन प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू को ऐसा ही कुछ वक्तव्य दिया था जब हिन्दी-चीनी भाई-भाई का नारा विफल हुआ और 1962 में भारत की चीन के हाथों करारी हार हुई थी । यह तैश 'संतुलन' के सिद्धान्त की पुष्टि करता है। वर्तमान समय में क्यों भारत की मजबूत स्थिति, जी-20 सम्मेलन में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका, वसुधैव कुटम्बकम् को परिभाषित कर पाई? उत्तर हम सब जानते है। एक लैटिन कहावत के अनुवाद के अनुसार यदि आप शांति चाहते हैं तो युद्ध के लिए तैयार रहें। अतः भय शांति के लिए आवश्यक स्थिति है। जी टी

## डायरी लेखन

चर्लिन, ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल रायपुर, कक्षा 6

18 मई 2024, शुक्रवार
रात 9 बजकर 30 मिनट

प्रिय डायरी,

आज का दिन मेरे लिए बहुत अच्छा था क्योंकि स्कूल द्वारा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया था। मैं पूरे साल इस दिन का इंतज़ार करती रही थी। यह कैंप चार दिन के लिए था। इसमें चार मुख्य गतिविधियाँ- बेकिंग, डांस, फन फील्ड और क्राफ्ट शामिल थे। समर कैंप में रहना वाकई मजेदार था। मुझे बेकिंग में सबसे ज्यादा मजा आया क्योंकि मैंने कभी केक नहीं बनाया था । बेकिंग क्लास में अपने दोस्तों के साथ मैंने स्वादिष्ट खजूर केक और वेनिला चोको चिप कुकीज़ बनाई। डाँस क्लास में हमने ज़ुम्बा डांस का आनंद लिया। हम सब ने मिलकर खूब मस्ती की, हम सब बहुत खुश थे। मैंने क्रिकेट खेला और क्रिकेट के बारे में बहुत कुछ सीखा भी जो हम नहीं जानते थे और अंततः शिल्प कक्षा में हमने बेकार सामग्री से लालटेन बनाई। ये चार दिन अद्भुत, आकर्षक और आनंददायक थे। यह वास्तव में मददगार थे हमें फिर से ऊर्जावान और तरोताज़ा करने के लिए।




अवनी वैद्य, ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल नौएडा, कक्षा 9 एच

जैसे ही रात को काली चादर धरती को लपेटती है, खिड़की से छन कर आती हुई चाँद की रोशनी मेरे मन की सारी आकांक्षाओं पर प्रकाश डालती है। मेरे नेत्र रक्त से लाल हो कर नींद के लिए पुकारते हैं, परंतु मैं गहरी सोच में डूबी हूँ । मेरे प्रश्न एक असीम सागर के समान है जो मेरे आत्मविश्वास को अपनी गहराई में दबोच रहे हैं। मैं खुद से प्रश्न करती हूँ, क्या मैं अपने सपने पूरे करने के लिए सच में सक्षम हूँ?

हम सभी कभी न कभी ऐसा महसूस अवश्य करते हैं, हम खुद के विषय व क्षमता पर प्रश्न उठाते हैं और अपना मोल नहीं जान पाते। हम रोज़ कोई अवसर अपने इस संदेह के कारण गंवा देते हैं। मैंने इस विषय पर सोच-विचार किया और जाना कि हमारे जीवन की बाग-डोर हमारे ही हाथ में है। हम कभी भी अपनी कोई भी बुरी आदत छोड़ने की शुरुआत कर सकते हैं, कुछ नया सीख सकते हैं, निःसंकोच अपनी बातें और विचार प्रकट कर सकते हैं। ऐसे छोटे कदम हमारे जीवन को बदलने में कितना बड़ा योगदान दे सकते हैं।

इस पीढ़ी के लिए भविष्य में कई मुश्किलों का सामना करना लिखा है। उसके लिए हमें हर डर व संकोच को दूर करना होगा और खुद पर विश्वास रखना होगा। हमें यह याद रखना है कि अगर नन्हे पंछी अपनी पहली उड़ान भरने के लिए हिम्मत ना करें तो वह कभी भी वृक्ष, पहाड़, नदी, व झरनों से गुज़र कर आज़ादी का आनंद नहीं उठा पाएंगे। जी टी

## कविता

### वीरो को नमन

सिद्धि सती, ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, मयूर विहार, कक्षा 3 सी

वतन के लाल तुमको देश का
कोटि कोटि प्रणाम है,
माँ भारती के कण - कण को तेरे
शौर्य पर अभिमान है।

झूमे तिरंगा शान से
प्रहरी जो तुमसा है मिला,
देश की सीमाओं को
तुमसे ही तो है, बल मिला ।

रहते हैं हम सब शांति से
रक्षक जो तुम बनकर खड़े हो,
है नमन उन माताओं को
जिनका लाल, देश पर कुर्बान है।

नाम से हैं, इनके काँपते
इस देश के गद्दार हैं,
सीने को, ताने हैं खड़े
जैसे कोई चट्टान है।

तुम्हारे शौर्य से है गूँजती
देश की माटी मेरी,
हर नागरिक इस देश का
इन वीरों का कर्ज़दार है।

## करें रिश्तों की डोर मजबूत

चाहत भाटिया, ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, नवी मुंबई, कक्षा 9 ए

मनुष्य सामाजिक प्राणी है, जिसे जीवन में प्रगति करने के लिए दूसरों के सहयोग की आवश्यकता होती है। इस प्रकार अन्य लोगों से संवाद करने से तनाव, चिंता और उदासी से राहत मिल सकती है। एक सामाजिक प्राणी होने के नाते मनुष्य अपने और अपने परिवार के साथ संवाद करने के लिए वेबसाइट, ऐप्स आदि का उपयोग करते हैं।

ऐसे ऑनलाइन प्लेटफार्म इंसानों को अपनी मन-पसंद तस्वीरें डालने/पोस्ट करने की अनुमति देते हैं। कुछ लोग तस्वीरें देखते हैं और कुछ समय बाद भूल जाते हैं, जबकि कुछ लोग दूसरों के साथ अपनी तुलना करने लग जाते हैं। वे स्वयं के बारे में अच्छा महसूस नहीं करते, और अपना आत्मविश्वास एवं आत्म-सम्मान भी खो देते हैं।

सोशल मीडिया के आने से पहले लोग एक-दूसरे से मिलना और बातचीत करना पसंद करते थे लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। लोग एक-दूसरे से मिलने से बचते हैं, खुद को घर पर अकेला रखते हैं। पहले लोग एक-दूसरे को बधाई देने के लिए उनके घर जाते थे और उन्हें भी अपने घर आमंत्रित करते थे। अँग्रेजी में एक मुहावरा है समय बदलता है, और लोग भी। अब तो निमंत्रण भी चैट के माध्यम से देकर औपचारिकता पूरी कर दी जाती है।



समय है प्रगति के साथ-साथ आगे बढ़ने का न कि स्वयं को भूलने का। भूले-बिसरे रिश्ते पुनः संजोने का। वसुधैव कुटुंबकम् इस उक्ति को चरितार्थ करने के लिए पहले अपने पारिवारिक रिश्तों को महत्व देना आवश्यक है। सुबह का भूला अगर शाम को वापस आ जाता है तो उसे भूला नहीं कहते हैं। वैसे ही समय रहते पारिवारिक रिश्तों को मजबूत कर लें तो इससे अधिक समझदारी वाली बात कुछ और हो ही नहीं सकती।

तो चलिए एक कदम बढ़ाएँ अपने पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय रिश्तों को मजबूत डोर से बाँधने के लिए। जी टी



# हिन्दी की वेदना

आद्या अग्रवाल
ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, मोहाली, कक्षा 9 बी

सुनी एक वेदना-भरी पुकार,
अरे! ये तो खड़ी है, हिन्दी भाषा लाचार,
कह रही- करोड़ों की मैं शब्दावली,
पर आज न कोई मेरे साथ,
जाने क्यों, हिन्दी बोलना शर्म की है बात?

भारत की अनूठी कड़ी, हमारी हिन्दी है भाषा,
पर आज, किसको है इसे बोलने की अभिलाशा,
भागते सब अँग्रेजी भाषा की तरफ़,
मुझसे करते द्वेष और पक्षपात,
जाने क्यों, हिन्दी बोलना शर्म की है बात?

स्कूल हो या ऑफिस- हिन्दी बोलने में लजाते,
डरते हैं जैसे हिन्दी बोलने से वे अनपढ़ हैं कहाते,
हिन्दी न जानने पर गर्व से बताते,
यह कैसा है आघात?
जाने क्यों, हिन्दी बोलना शर्म की है बात?

स्वतंत्रता सेनानियों की की जो है बोली,
इसमें है गीता का उपदेश,
बड़े-बड़े दिग्गजों की रचनाओं का आधार,
उस भाषा से क्यों नहीं मिलते उनके जज्बात,
जाने क्यों, हिन्दी बोलना शर्म की है बात?

दुनिया करती हमारी हिन्दी का सम्मान,
पर क्यों इस महानता के सागर का हम ही करते अपमान?
दूसरी भाषाएँ सीखते, पर क्या फ़ायदा,
जब अपनी मातृभाषा से हैं अनजान,
जाने क्यों, हिन्दी बोलना शर्म की है बात?

हमारी संस्कृति का दर्पण, हिन्दी हर भारतीय में है विलीन,
पर हमारी इस शान को छोड़,
सभी बने अँग्रेजी के पराधीन,
हमारी मातृभाषा के लिए यह हैं एक अँधेरी रात,
जाने क्यों हिन्दी बोलना शर्म की है बात?

# हर पल निखरते जाएँगे

विधव अवस्थी
ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, वीकेसी, लखनऊ, कक्षा 10 ए

दिल में जब ठान लिया, रास्ते खुद ही निकलते जाएँगे,
हों मुश्किलें हजार, हम हर पल निखरते जाएँगे।

वो सफर ही क्या, जिसमें अनजाने मोड़ न हों,



कहीं तपती धूप, कहीं शीतल छोर न हो,
कहीं धीमी रफ़्तार, कहीं पहुँचने की दौड़ न हो,
कहीं दूसरे को सहारा, कहीं अव्वल आने की होड़ न हो।

पहाड़ों का सीना चीर, नई राहें बनाएँगे,
जमाने को एक अमिट मिसाल दे जाएँगे,
हम हर पल निखरते जाएँगे,
हम पर पल निखरते जाएँगे।

तेरी हिम्मत तेरी तकदीर लिखती है,
लकीरें किस्मत की, कोशिशों से बदलती हैं,
ये मौसम है कल फिर बदलते जाएँगे,
आज शांत हैं तारे, कल फिर चमक अपनी पाएँगे।

अगर नीयत साफ है, भगवान भी तेरे साथ आएँगे,
हाथ पकड़कर दरिया के पार ले जाएँगे,
हम हर पल निखरते जाएँगे,
हम हर पल निखरते जाएँगे।

# भ्रष्टाचार

अरिशि अग्रवाल
ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल, वसुंधरा, सैक्टर 1, कक्षा 10 डी

भ्रष्टाचार तो जैसे बन गया है इस देश का वायरस,
फैलता जा रहा हर जगह चाहे हो दफ़्तर या बस।
कहाँ है कोई रिस्क करप्शन के खेल में,
जब रिश्वत ही बचा लेती है जाने से जेल में।

दिक्कत तो सिर्फ उनकी है जो नहीं रखते हैं वजन,
जो लोग खिला देते पैसा वो तो जीते आराम से और बुढ़ापे में गाते हैं भजन।
चोरों जैसा आचरण करके लूट लेते हैं प्यार से,
बाहर से लगते हैं जैसे बड़े ही अच्छे होंगे व्यवहार से।

अत्याचार करके बनते हैं ये आस्तीन के साँप,
होते तो बड़े शाने पर मीठी सी करते वार्तालाप।
पहुँच है इनकी बड़ी दूर तक न करना इनसे शैतानी,
भून कर रख देंगे तुम्हे अगर बात न इनकी मानी।



## अमिताशा के आँगन से



# काश! मैं हमेशा छोटी होती

आयुशी राय, अमिताशा नौएडा, कक्षा 12

काश! मैं हमेशा छोटी होती,
छोटे-छोटे हाथों से,
कभी माँ का चेहरा,
कभी उसका आँचल पकड़ती,
